## खबर संक्षेप

### रात्रि में पशुओं को खुले स्थान पर बांधें, हरा चारा अधिक खिलाएं

**मण्डला।** पशुधन को भीषण गर्मी, लू एवं तापमान के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए पशुपालन विभाग द्वारा पशुपालकों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। तेज गर्म मौसम तथा तेज हवाओं का प्रभाव पशुओं की सामान्य दिनचर्या को प्रभावित करता है। भीषण गर्मी की स्थिति में पशुधन को सुरक्षित रखने के लिए विशेष प्रबंधन एवं उपायों, जिनमें ठंडा एवं छायादार पशु आवास, स्वच्छ पीने का पानी आदि पर ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं डॉ यूएस तिवारी का कहना है कि तेज गर्मी से बचाव प्रबंधन में जरा सी लापरवाही से पशु को लू नामक रोग हो जाता है। लू से ग्रस्त पशु को तेज बुखार हो जाता है और पशु सुस्त होकर खाना पीना बन्द कर देता है। शुरू में पशु की श्वसन गति एवं नाड़ी गति तेज हो जाती है। कभी कभी नाक से खून भी बहने लगता है। पशुपालक पशु आवास हेतु पक्के निर्मित मकानों की छत पर सूखी घास या कड़बी रखें ताकि छत को गर्म होने से रोका जा सके। पशु आवास के अभाव में पशुओं को छायादार पेड़ों के नीचे बांधना चाहिए। पशु आवास में आवश्यकता पड़ने पर बोरी के टाट को गीला कर दें, जिससे ठंडक बनी रहेगी। पशु आवास गृह में आवश्यकता से अधिक पशुओं को नहीं बांधें तथा रात्रि में पशुओं को खुले स्थान पर बांधें। गर्मी के मौसम में पशुओं को हरा चारा अधिक खिलाएं। पशु में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर तुरन्त नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था से सम्पर्क कर पशु का उपचार करावें, जिससे पशुधन तथा उसके उत्पादन में होने वाली हानि से बचा जा सकता है।

## पूर्व केन्द्रीय मंत्री कुलस्ते ने दर्ज कराई जीत

# 1 लाख से अधिक मतों से कांग्रेस को हराया


*** मण्डला लोकसभा क्षेत्र में मनाया गया जश्न।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

मंडला लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय इस्पात ग्रामीण विकास राज्य मंत्री श्री फग्गन सिंह कुलस्ते 7वीं बार लोकसभा क्षेत्र से प्रचंड बहुमत से जीत हासिल की कांग्रेस के प्रत्याशी 1 लाख से अधिक मतों से श्री कुलस्ते ने जीत हासिल कर नया रिकॉर्ड बनाया है। श्री कुलस्ते के विजय घोषित होने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह जश्न मनाया आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाते हुए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सांसद



श्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने जीत का श्रेय कार्यकर्ताओं को देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे.पी.नड्डा गृहमंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, प्रदेशाध्यक्ष वी.डी.शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा का मार्गदर्शन व आर्शीवाद तथा लोकसभा संचालन समिति, लोकसभा क्षेत्र के विधायक गण, पूर्व विधायक गण, मण्डला डिण्डोरी, सिवनी, नरसिंहपुर के भाजपा जिलाध्यक्ष, भाजपा समर्थित सभी जनप्रतिनिधि, लोकसभा के समस्त मण्डल अध्यक्षों की मेहनत और प्रयासों के कारण लोकसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी ने अपनी जीत का परचम फहराया है। श्री कुलस्ते ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र में विकास का क्रम जारी रहेगा। जनभावनाओं के अनुरूप निरंतर भारतीय जनता पार्टी सरकार संकल्प के साथ कार्य करेगी उन्होंने कहा कि मैं लोकसभा क्षेत्र में जनसेवक के रूप में पूरी मेहनत और लगन के साथ कार्य करूंगा। लोकसभा क्षेत्र की जनता के द्वारा मुझे जो आर्शीवाद मिला है उसके लिए सेवा भाव के साथ क्षेत्र में मेरी निरंतरता हमेशा बनी रहेगी।



निर्वाचन का प्रमाणपत्र



### कुलस्ते की जीत पर कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस

मतगणना स्थल में श्री कुलस्ते के विजय घोषित होने पर बड़ी संख्या में क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एकत्रित हुए एवं विजय जुलूस निकाला गया। इस अवसर पर जगह-जगह स्थानीय नागरिकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। विजय जुलूस मतगणना स्थल से प्रारंभ होकर राजीव कॉलोनी, शंकर नगर होते हुए सिविल लाईन, स्थित भाजपा कार्यालय पहुंचा यहां बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने विजय जुलूस की अगवानी कर स्वागत किया। विजय जुलूस में मण्डला विधायक केबिनेट मंत्री श्रीमति संपतिया उइके, भाजपा जिलाध्यक्ष मण्डला भीष्म द्विवेदी, जिलाध्यक्ष डिण्डोरी अवधराज बिलैया, जिलाध्यक्ष सिवनी आलोक दुबे, विधायक गोटेगांव महेंद्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, जिला पंचायत अध्यक्ष डिण्डोरी रूद्रेश परस्ते, पूर्व विधायक देवसिह सैयाम, नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, नगरपरिषद अध्यक्ष मीना हरदहा, जनपद अध्यक्ष ओमवती उइके, लोकसभा संचालन समिति प्रफुल्ल मिश्रा आदि शामिल रहे।

# आज सूर्यकुंड धाम में होगा वृक्षारोपण



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मंगलवार को सूर्यकुंड धाम में संचालक समिति श्री श्री 1008 ब्रम्हलीन भारती जी महाराज एवं ब्रम्हमुहूरत आरती सेवादार के द्वारा लगभग 108 पौंधो का पूजन-अर्चन किया गया और जिन्हे मन्दिर प्रागंण के आश्रम स्थल में संरक्षित कर स्वतः पनपने योग्य कर सुनिश्चित स्थान में लगाने का संकल्प लिया गया। जिस तरह से इस बार तापमान बढ़ा है। उसे देखते हुए समिति ने अधिक से अधिक वृक्षारोपण संकल्प लिया है। खासकर समिति के द्वारा सूर्यकुंड धाम में आज विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर वृक्षारोपण किया जाएगा।

समिति की इस पहल को सभी ओर सराहा जा रहा है पौधारोपण तो प्रत्येक वर्ष होते हैं लेकिन उनमें से कितने संरक्षित होकर वृक्ष का स्वरूप धारण कर पाते हैं इस पर प्रश्नचिन्ह है अब जबकि इन पौधों पर बजरंगबली का आर्शीवाद है तो निश्चित रूप से ये पौधे पूर्णरूप से फलेंगे-फूलेंगे।



## उच्च शिक्षा विभाग का जारी किया गया अकादमिक कैलेंडर

**मण्डला।** उच्च शिक्षा विभाग ने कॉलेजों के लिए अकादमिक कैलेंडर जारी कर दिया गया है। विभाग ने साथ ही सभी संस्थाओं के प्रमुखों से कहा है कि कैलेंडर के अनुसार शैक्षणिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इसमें विश्वविद्यालय के कुलसचिव और उच्च शिक्षा के अतिरिक्त संचालक को जिमेदारी दी गई है कि वह कॉलेजों से समन्वय बनाकर अकादमिक कैलेंडर के तहत प्रक्रिया पूरी कराएंगे। अकादमिक कैलेंडर के अनुसार एक जुलाई से कक्षाएं प्रारंभ की जाएंगी। कैलेंडर में इस बार भी कॉलेजों में छात्र संघों का गठन करने का उल्लेख किया है। इसके लिए सितंबर महीने का समय निर्धारित हुआ है। सीसीई कार्यों के लिए सितंबर और मार्च महीने का समय निर्धारित किया गया है।

बताया गया कि उच्च शिक्षा विभाग का अकादमिक कैलेंडर जारी हुआ है। इसमें सभी गतिविधियों के लिए समय निर्धारित किया है। अब प्रयास रहेगा कि कैलेंडर के तहत सभी कार्यक्रम आयोजित हों। जानकारी के अनुसार कॉलेजों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू है। पहले चरण की सीटों का भी आवंटन हो चुका है। जून में भी पूरे महीने प्रवेश की प्रक्रिया चलेगी। एक जुलाई से शिक्षण सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके बाद प्रवेश के विशेष चरणों में जो छात्र आएंगे उन्हें कक्षाओं में शामिल किया जाएगा।

विषय और संकाय परिवर्तन के साथ अन्य समस्याओं के लिए शिविर लगाने को भी कहा गया है। प्रवेश के 30 दिन के भीतर छात्र अपना विषय और संकाय बदल सकेंगे। वहीं इस वर्ष छात्रों की फीस भी बढ़ाई गई है, जिसका विरोध भी शुरू हो रहा है। कई छात्र संगठनों ने कहा है कि यदि सरकार बढ़ी हुई फीस वापस नहीं लेगी तो वह आंदोलन करेंगे।

## गर्मी के बीच 5वीं, 8वीं की पुनः परीक्षा में हल कराए गए हिंदी के प्रश्न पत्र



*** संकुल केन्द्र में बच्चों के लिए फलों की गई व्यवस्था**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

ऐसे बच्चे जो कक्षा पांचवी और आठवीं में फेल हो गए थे या अनुपस्थित थे उनकी पुनः परीक्षा विभाग द्वारा 3 जून से 8 जून तक लिए जाने के आदेश हुए है। इसी अनुसार 3 जून को भीषण गर्मी के बीच बच्चे जन शिक्षा केंद्र बबलिया और बरबटी में परीक्षा देने उपस्थित हुए। कक्षा 5वीं और कक्षा 8वीं दोनों में हिंदी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। जन शिक्षा केन्द्र बबलिया में 5वीं में 10 बच्चों को सम्मिलित होना था पर 5 ही उपस्थित हुए। कक्षा 8 में 27 बच्चे के स्थान पर 15 बच्चे ही उपस्थित हुए। इसी प्रकार जन शिक्षा केन्द्र बरबटी में 5 वीं में 13 की जगह 4 बच्चे ही उपस्थित हुए जबकि 8 वीं में 16 में से एक भी बच्चा उपस्थित नहीं हुआ। जानकारी दी गई कि अधिकांश वही बच्चे अनुपस्थित रहे जो मुख्य परीक्षा में ही नहीं बैठे।

भीषण गर्मी को देखते हुए बच्चों को लू लपट से बचाने संकुल केन्द्र में पंखा, ठंडा पेय जल ग्लूकोज रीहाइड्रेशन पाउडर के साथ केले ककड़ी और तरबूज की भी व्यवस्था की गई थी। बच्चों को खाना या नाश्ता खा कर आने और गमछा केप उपयोग करने की सलाह दी गई। शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया कि बच्चों का पूरा ख्याल रखें। बच्चों के साथ आने वाले शिक्षक खाने पीने का सामान और रिहाइड्रेशन पाउडर पानी साथ रखें।

## तेंदुपत्ता प्रोत्साहन राशि से छात्रवृत्ति एवं आवासीय विद्यालय का लाभ दिलाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



ग्राम देवरी कला बबलिया की छात्रा अंजली उइके नवीन कन्या हाई स्कूल ने कक्षा दसवी में 82 प्रतिशत प्राप्तांकों में वर्ष 2022 में उत्तीर्ण हुई थी। जिसका फार्म लघुवनोपज 347 बबलिया के पालक अधिकारी विनोद जंघेला के माध्यम से तेंदुपत्ता प्रोत्साहन छात्रवृत्ति अनुसूचित जनजाति प्रोस्टमेट्रिक छात्रवृति-2023 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बबलिया के द्वारा प्राचार्य की अनुशंसा में सम्पूर्ण दस्तावेज के साथ जमा किया गया था। जिसमें 5 साल का तेंदुपत्ता कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, दसवी की मार्कशीट सभी संपूर्ण दस्तावेज लगाकर जमा किया गया। स्कूल से यह भी बोला गया था छात्रवृत्ति दी जाएगी। आवासीय विद्यालय छात्रा को पढने के लिए आवेदन दस्तावेजो के साथ जमा किया गया। लेकिन एक वर्ष बीत गए न तो तेंदुपत्ता संग्रहण के छात्रवृत्ति मिली है। न ही आवासीय विद्यालय प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति 347 के द्वारा लाभ दिलवाया गया है। इस तरह से अनेक ग्रामीण छात्राऐं शासकीय योजनाओ से वंचित हो जाती है।

ग्रामीणो द्वारा बताया गया है शासन की योजनाओं के लिए न तो प्रचार-प्रसार कराया जाता और न ही पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाता है। छात्रा से साल भर का पढ़ाई के खर्च का बिल बाउचर के रसीद भी जमा कराए गए थे। आवेदन 12 जुलाई 2022 को किया गया था। जिसका सहायक वनपरिक्षेत्र अधिकारी द्वारा अब तक निराकरण न कराये जाने से छात्रा अंजली योजना के लाभ से वंचित है। जिला प्रशासन से मांग की गई है कि तेंदुपत्ता लाभांश से मिलने वाली छात्रवृति एवं आवासीय विद्यालय में शिक्षा अध्ययन का लाभ दिलाया जाए।

**चिंतन** | **सभी नर्मदा घाटों को सहेजने और संवारने का लिया गया था संकल्प।**

# जर्जर होते घाटों की कौन करे चिंता?

*** सुरक्षा के दृष्टिकोण से भी ये बड़े खतरे।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला





मण्डला महिष्मती नगरी को माँ नर्मदा का विशेष आर्शीवाद प्राप्त है नगर के तीनों ओर माँ नर्मदा प्रवाहित हो रहीं हैं और नगर के लोगों को नर्मदा दर्शन के लिये ज्यादा चलना नहीं पड़ता कुछ ही दूरी से माँ नर्मदा के दर्शन सहज और सुलभ हो जाते हैं। माँ नर्मदा के घाटों में माँ नर्मदा की पूजा अर्चना नर्मदा भक्त आसानी से कर पाते हैं। इन घाटों में वे घाट भी शामिल हैं जो सैकड़ों वर्षो से आस्तित्व में रहे हैं और कुछ ऐसे घाट भी हैं जो नवनिर्मित घाटों की श्रेणी में आते हैं। पुराने घाट रखरखाव और मिट्टी कटाव के चलते आज खतरनाक स्थिति में पहुंच चुके हैं सबसे ज्यादा खतरनाक स्थिति चुरामन घाट से लेकर सतखण्डा घाट तक की है। चुरामन घाट से सतखण्डा के बीच आधे दर्जन से अधिक घाट हैं जिनके नीचे की जमींन खोखली होती जा रही है और आने वाले समय में किसी बड़ी दुर्घटना की सूचना देती नजर आ रही है।

तीज-त्यौहारों में सबसे ज्यादा भीड़ इन्हीं घाटों में नजर आती रही हैं हालांकि पिछले कुछ वर्षो में रपटा घाट में नर्मदा भक्तों की संख्या बढ़ी है उसका कारण भी ये जर्जर घाट ही हैं।

तात्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा नर्मदा परिक्रमा के दौरान इन घाटों को सहेजने एवं संवारने की बात कही गई थी हालांकि इसके पूर्व जब मण्डला में कुम्भ का आयोजन किया गया था तब भी यह चर्चा जोरो पर थी कि नर्मदा के सभी घाटों को सहेजने और संवारने के लिये पर्याप्त राशि शासन द्वारा जिले को उपलब्ध कराई गई है लेकिन घाटों की स्थिति आज भी जस की तस है बल्कि कहा जाये तो आज और ज्यादा खतरनाक हो चुकी है।

रंगरेज घाट में घाट के ऊपर ही धर्मशाला बनी हुई है जो कि सैकड़ों वर्ष पूर्व का निर्माण है यदि घाट के नीचे मिट्टी खोखली होती है और चाहे-अनचाहे कोई दुर्घटना होती है तो ऐसी स्थिति में धर्मशाला की संरचना को भी बड़े रूप में नुकसान पहुंचेगा इस स्थिति को ध्यान रखते हुये अब आवश्यकता है कि इन जर्जर घाटों की चिंता की जाये और तकनीकि रूप से मिट्टी के कटाव को रोकते हुये घाटों को सुरक्षित किया जाये ताकि ये वर्षो पुराने घाट न केवल अपनी पुरातन परम्परा को कायम रख सके बल्कि नर्मदा भक्तों के लिये उपयोगी साबित हो सके।

डोल ग्यारस एवं कजलियां जैसे पर्वो में रंगरेज घाट में ही मेले का आयोजन होता रहा है जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन घाटों में इकट्ठे होते हैं ऐसे में इनकी जर्जर स्थिति हम सभी के लिये चिंता का विषय है जिस पर ध्यान देना आवश्यक है।

## बढ़ता हुआ तापक्रम विनाश का संकेत

*** प्रकृति के संतुलन के लिए हो जाएं सतर्क।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला



आज 05 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाया मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। पर्यावरण विद् एवं सदस्य जिला जैव विविधता आरके क्षत्री का कहना है कि भीषण तापक्रम आने वाले समय के लिए खतरनाक संकेत दे रहा है। इसी तरह तापक्रम बढ़ता गया तो निश्चित तौर से मानव के साथ में प्रकृति व जैव विविधता का विनाश भी होना संभव है। ऐसे समय में तापमान के बढ़ते क्रम में सूक्ष्मजीव एवं सूक्ष्म में वनस्पतियों का लुप्त होने का संकेत हो रहा है। धरती पर उपज कम होने पर आर्थिक उपार्जन कम होने के संकेत दे रहे हैं। ऐसी स्थिति पर अर्थव्यवस्था पर गिरावट होगी बढ़ता हुआ तापक्रम संकेत दे रहा है कि प्रकृति के संतुलन के लिए सतर्क हो जाए।

जंगलों को बचाए वनों को बचे इनका संरक्षण करें हमारी नदियां जीवित होगी नदियां जीवित होगी तभी हमारे धरती पर जल होगा जल होगा तभी मानव का रहना संभव है। सब मिलकर इस बात को समझें की हर जीव हर वनस्पति हर प्रजाति हर जलीय जीव हमारे जीवन के श्रृंखला के सदस्य हैं अतः हमें पर्यावरणदिवस पर सभी एक होकर संकल्प लेना होगा। पॉलिथीन को कम करना होगा एवं अपनी लाइफ स्टाइल में बदलाव लाना होगा। हर छोटी-छोटी आदतों की शुरुआत अपने परिवार और अपने घरों से करें। तभी हम आने वाले समय में प्रकृति के संरक्षण में अपना योगदान दे सकते हैं। रेवांचल पार्क में विद्यार्थियों को सूक्ष्म जीव जंतुओं के बारे में व प्रकृति के बारे में संदेश देते हुए कराया कि प्रकृति के लिए एक जन आंदोलन की आवश्यकता है। पर्यावरण दिवस के अवसर पर संकल्प लेकर हर व्यक्ति इस वर्ष एक एक वृक्ष लगाएं।

## खबर संक्षेप

### सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने वालों के खिलाफ कार्यवाही

गाडरवारा। शासन द्वारा किसी भी प्रकार से सार्वजनिक स्थान पर शराब पीने पर लगाये गये प्रतिबंध के चलते बीते हुये दिवस जब पुलिस द्वारा में भ्रमण कर रही थी उसी दौरान ग्राम कौडिया के मछली मार्केट में एक व्यक्ति सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते हुये पाये जाने पर जब पुलिस द्वारा उसे पकड़ते हुये पूछताछ की गई तो युवक द्वारा अपना नाम शिवम पिता नेतराम खंगार उम्र 25 साल निवासी बाजार मुहल्ला कौड़िया व जितेन्द्र उर्फ जित्तू पित यशवंत सिंह राजपूत निवासी नया बस स्टेन्ड गाडरवारा, प्रकाश पिता झूमकलाल कौरव उम्र 48 साल निवासी ग्राम केकरा तथा सुमित उर्फ गोलू पिता गोपाल सिंह कौरव उम्र 23 साल निवासी बरहटा बरेली तो शहर के चीचली रोड ओबर ब्रिज के पास नीरज पिता लखन लाल कौरव निवासी सूखाखैरी को भी शराब पीते हुये पकड़ा गया। इस तरह पुलिस द्वारा आरोपियों के कृत्य को लेकर धारा 36 बी आवकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मोटर साईकिल की टक्कर से घायल

गाडरवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम सहावन टोला निवासी प्रभा बाई पति कमलेश पारधी उम्र 38 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि जब वह अपने बेटा शुभम पारधी के साथ सालीचौका आ रहे थें उसी दौरान बगीचा के पास मोटर साईकिल क्रमांक एम पी 49 एम एम 7891 के चालक द्वारा तेज गति व लापरवाही पूर्वक अपनी मोटर साईकिल को चलाते हुये टक्कर मार दी गई जिसके चलते प्रार्थिया के बेटा को चोटे आने पर पुलिस द्वारा आरोपी मोटर साईकिल चालक के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### बैंक केशियर के खिलाफ पत्नी ने दर्ज कराया मामला

गाडरवारा। स्थानीय पुलिस थाने से मिली जानकारी के के अनुसार नगर के शास्त्री वार्ड निवासी व जिला सहकारी बैक सांईखेडा में पदस्थ बैंक कैसियर की पत्नी द्वारा अपनी पत्ति के खिलाफ पुलिस थाने में दिखाई दर्ज कराई गई है। घटना को लेकर पीड़ित पत्नी ने अपनी शिकायत में पति पति पर आरोप लगाते हुये शिकायत की गई है कि मेरी शादी वर्ष 2017 में स्वदेश सराठे निवासी शास्त्री वार्ड गाडरवारा से हुई थी जिससे हम दोने की एक बेटी सात साल की है। पीड़िता का आरोप है कि मेरे पति स्वदेश सराठे जिला सहकारी बैंक शाखा साँईखेड़ा में केशियर के पद पर पदस्थ है। मगर घर में खाने पीने के सामान नही लाते है तथा सामान के लिए पैसे मांगने पर आये दिन आये दिन गंदी गंदी गालिया देते हुये परेशान करते है। इसी प्रकार से बीते हुये 17 मई को सुबह की बात है जब मेरे पति बैंक जाने के लिए निकल रहे थे तो मैनें बोला कि घर के राशन के लिए पैसे दे दो इसी बात को लेकर मेरे पति स्वदेश द्वारा गंदी गंदी गालिया देने लगे। गाली देने से मना किये जाने की बात को लेकर उनके द्वारा मारपीट करते हुये चोट पहुंचाई तथा हाथ पकड़कर खीच दिया जिसके चलते प्रार्थिया को चोटे आने पर पुलिस ने पत्नी की शिकायत पर आरोपी पति के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

### पेड़ छांटने की बात को लेकर की गई पति-पत्नी के साथ मारपीट

गाडवारा। समीपस्थ सालीचौका पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार बीते हुये दिवस ग्राम अर्जुनगांव निवासी महेश पिता कोदू लाल विश्वकर्मा उम्र 35 वर्ष द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि बीते हुये दिवस जब उसके पत्नी अपने घर के पास अमरूद के पेड की छटाई कर रही थी उसी दौरान ग्राम के प्रेमनारायण गुर्जर एवं मंझले गुर्जन आये और प्रार्थी की पत्नी को पेड छाटने की बात को लेकर गंदी गंदी गालिया देते लगे।

वनों की रक्षा से लेकर जगह जगह काटे जा रहे हरे भरे पेड़ों को लेकर बरती जाने वाली कोताही के चलते प्रदूषण से जूझ रही युवा पीढ़ी

# पहले जैसा नहीं रहा क्षेत्र का पर्यावरण, वनों की लगातार कटाई से बिगड़ रहा पृथ्वी का संतुलन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** भले ही आये दिन हमारे देश से लेकर प्रदेश व क्षेत्र के नेताओं द्वारा पर्यावरण की रक्षा को लेकर बड़ी बड़ी बाते करते हुए वृक्षारोपण किया जाता रहे। मगर जिस प्रकार से इस समय पर्यावरण के साथ खिलबाड़ की जा रही है उसके परिणाम आने वाले भविष्य में भयानक होने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है। क्योंकि मौसम के द्वारा चाहे जब अपना विचित्र खेल दिखाने से क्षेत्रवासियों को चौकाने व चिंतित होने को क्यों मजबूर किया जा रहा है। यह सच्चाई किसी से छिपी नही है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो लगातार पर्यावरण के खराब होने का प्रमुख कारण है कि वाहनों की तादात बढ़ने से शहर व गांवो में रोज उठने वाले धुयें के गुबार किस हद तक माहौल को प्रदूषित कर रहा है और यह बात भी शायद किसी से छिपी नही है। क्योंकि जिस प्रकार से सड़को पर वाहन दौड़ते हुए लोगों को धुंआ के रूप में जो जहर परोस रहे है और उससे पर्यावरण पूर्णरूप से खराब हो रहा है। वही दूसरी ओर जिस स्थिति से क्षेत्र में लगातार लग रही नई फैक्ट्री भी प्रदूषण को खराब करने में पीछे नही है? जिसके चलते स्वच्छ आबो हवा किसी तरह से क्षेत्रवासियों को नही मिल पा रही है। इन सबालों को जेहन में कौधने वाला अंतराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस आज 5 जून को है। ज्ञातव्य है कि आज बुधवार को शासन प्रशासन की ओर से जनता को पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुए अनेक प्रकार के आयोजन करते हुए लोगों को पर्यावरण की रक्षा करने की जानकारी के लिए शायद कोई आयोजन नही रखा गया हो..? लेकिन आमतौर पर जैसा होता आया है बाद में पर्यावरण को महफूज रखने में सहायक क्षेत्र की







नदियों, पहाड, वृक्षों की हो रही दुर्दशा को भुला दिया गया है। इसके आलवा इस बात पर भी चिंतन करना बंद कर दिया गया है कि आखिर किन कारणों से क्षेत्र का पर्यावरण निरंतर बिगड़ रहा है और इसकी स्थिति में सुधार करने की दिशा में प्रयास करने में हम सार्थक कदम क्यों नही उठा पा रहे है। गौरतलब है कि लगभग एक दशक से क्षेत्र के पर्यावरण के खराब होने का सिलसिला शुरू हुआ है जो थमने का नाम नही ले रहा है। वही दूसरी ओर देखा जावे तो जिन सफेदपोश धारियों को आये दिन समाज सेवा की मंच पर बडी बडी बाते करने के साथ अपने आपकों आमजन की नजरों में निष्ठावान बन कर पर्यावरण की रक्षा करने के नाम पर पेड़ लगाते हुये देखा जाता है और उन्ही के द्वारा अपनी जेबे भरने हरियाली पर कुल्हाडी चलाने में कोई कसर नही छोड़ी जाती है..? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो पहले देखा जाता था कि जिस प्रकार से क्षेत्र के जंगल में खडे वृक्ष सुकून भरी हवाओं से झूमते इठलाते थें। मगर अब वे विभागीय अधिकारियों की मनमानी तथा इस जंगल की स्वार्थी जुगाड़ लीला से धराशाही होते चले जा रहे है..? क्योंकि इन जंगलों की रक्षा के लिए जिनको जिम्मेदारी सौपी गई थी वही अब वनों को उजडबाने में अपने अहिम भूमिका निभाते हुए जान पड़ने से नही चूक रहे है? वही दूसरी ओर गौर किया जावे तो क्षेत्र के जंगलो में प्लानटेशन की गति धीमी रहने से सदाबाहर वृक्षों की तादाद कम हो गई है। इसी प्रकार से शहर व क्षेत्र के गांवों में पहले चले वृक्षारोपण अभियानों का हश्र भी बुरा होने से सड़को के किनारों पर लगे वृक्ष रख रखाव न होने से सूख रहे है या फिर वह कुल्हाडी के शिकार होते हुये देखे जा रहे है। कुछ इसी प्रकार का हाल क्षेत्र के सतपुड़ा पहाड़ के वृक्षों की बनी हुई है जो लगातार वृक्ष विहीन होते हुए देखा जा रहा है और इसी का परिणाम है कि हर वर्ष तपन में बढ़ोत्तरी होने से नही चूक रही है जिसकी सच्चाई वर्तमान समय में पड़ रही भीषण गर्मा एक उदाहरण के रूप में मौजूद है। वही सरकारों द्वारा भी हर साल पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए जहां करोड़ो रूपया खर्च करते हुए हरियाली महोत्सव के नाम से योजना चलाते हुए गांव गांवों लाखो रूपया बांटते हुए वृक्षा रोपण कराया जाता है। मगर शासन की राशि खर्च करते हुए रोपे जाने वाले उन पौधों की क्या सच्चाई है यह शायद ही किसी से छिपी हो? जिसको लेकर क्षेत्र की पंचयातों में कागजों के हिसाब से वृक्षारोपण तो हुआ है। मगर सच्चाई यह है कि पंचायतों द्वारा लगाये गये वृक्षों की स्थिति वहां पर बनाये गये ट्री गार्ड ही बता रहे है कि किस प्रकार से पंचयतों द्वारा वृक्षारोपण किया गया है जो सिर्फ अखबारों की सुर्खियों तक ही दिखाई देते हुए नजर आया है। क्योंकि ट्री गार्ड में रोपे गये वृक्षों की जगह मात्र बेसर्म के पेड ही दिखाई दे रहे है, जिससे यह बात तो स्पष्ट हो चुकी है कि पंचायतों में वृक्षरोपण के नाम पर खर्च की गई राशि मात्र कागजों व ट्री गार्डो तक ही सीमित रही होगी तो दूसरी ओर पर्यावरण को बेहतर बनाने बाली नदियाँ भी अपना दम तोड रही है। वही बारह माह अजीब हवाऐं चलने के कारण वातावरण विकृत होने से सावन माह में गर्मी और फागुन में ठंडक, ठंड के मौसम में तपिश का अहसास होने से अब यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो रहा है कि कब कौन सा मौसम बेईमान हो जाएगा? विदित हो कि क्षेत्र में पर्यावरण के विगड़ने से जहां जन स्वास्थ्य तो खतरे में पड़ ही रहा है साथ ही साथ प्राकृतिक आपदाओं से क्षेत्रीय किसानों द्वारा से अपने खेतों में बोई जाने वाली फसलों की पैदावार में भी अंतर आ रहा है। आज विश्व पर्यावरण दिवस पर इस सच्चाई से इंकार नही किया जा सकता है कि शहर में सीमेन्ट, कांक्रीट के जंगलों का विस्तार होने से आमजन जहां वार्किग की समस्या से जूझ रहे है। वही क्षेत्र में लगातार फैक्ट्रियों का जाल बिछने के कारण उनकी चिमनियों से उठने वाले धुयें से भी पर्यावरण की रक्षा नही हो पा रही है। क्षेत्र के पर्यावरण की दशा सोचनीय होने से वन्य प्राणी जंगल से पलायन कर शहर और गांवों की ओर भाग रहे है। उल्लेखनीय है कि पर्यावरण की दशा में सुधार करने की दृष्टि से जंगल, सार्वजनिक स्थानों में लगे वृक्षों को बचाने, बेतरतीक बसाहट की रोकथाम के लिए जिम्मेदारों द्वारा शायद ही निष्ठा पूर्वक कभी भी प्रयास नही किए गये है और इसी का नतीजा है कि पर्यावरण बिगडंने का नतीजा उसे क्षेत्र की नई पीढ़ी को भोगने विवश होना पड़ रहा है?

## शराब के नशे में धुत्त जेसीबी मशीन चालक में शहर के मॉडल रोड पर मचाया तंडाव

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों शहर के शासकीय चिकित्सालय के सामने से निकला हुआ मॉडल रोड़ लोगों के दिलों से निकलते हुये दिखाई नही दे रहा है। क्योंकि इसी मार्ग के किनारे कुछ दिनों पहले घटित हुये जघन्य हत्या कांड के चलते जहा लोगों के दिलों में समाई हुई दहशत निकलने का नाम नही ले रही है। इसी के चलते यहां पर जरा सी घटना घटित होते ही लोगों में नई दहशत भरने से नही चूकती है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये सोमवार की रात लगभग 10.15 से 10.30 बजे के बीच उस दौरान देखने मिली जब शराब के नशे में धुत्त एक जेसीबी मशीन के आपरेटर द्वारा इस मॉडल रोड पर जिस तरह तंडाव मचाया गया था उसके चलते लोग हैरत में पड़ने से नही चूक पाये और वह तो भगवान की ही कृपा रही कि इस मार्ग पर फिर एक बड़ी घटना घटित होने से बाल बाल बच गई? बताया जाता है कि सोमवार की रात नगर के शासकीय चिकित्सालय मार्ग से स्टेशन की ओर शराब के नशे में धुत्त बेलगाम गति से जेसीबी मशीन को भगाते हुय ले जा रहे जेसीबी के चालक द्वारा अपनी मशीन को जनता वर्कशाप के पास नगर पालिका द्वारा निर्मित मॉडल रोड के डिबाईडर पर चढ़ाने के साथा वहां पर लगे हुये स्ट्रीट लाईट के खम्बें को तोड़ ताला। वही घटना के प्रत्यादर्शियों का कहना है कि यह मशीन राठी तिरहा के पास से स्टेशन की ओर इस गति से भागते हुये जा रही थी लोग जहां मशीन की गति को देखकर अपने आपको सुरक्षित बचने की सोच के चलते सड़क छोड़कर भाग रहे थें। इस दौरान शासकीय चिकित्सालय के पास एक स्कूटी चालक भी इसकी चपेट में आने से बाल बाल



बचा ओर देखते ही देखते जनता वर्कशाप के पास जेसीबी मशीन मॉडल रोड के डिबाइडर को तोड़ते हुये उसके ऊपर चढ़ गई और स्ट्रीट लाईट के खम्बे को धराशाही कर दिया गया। इस घटना के चलते मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई और बड़ी मुशकित से चालक को लोगों द्वारा मशीन से निकला गया। मौजूद लोगों का कहना है कि मशीन का चालक शराब के नशें में इतना धुत्त था कि उसे इस बात का अहसास नही हो रहा था कि उसकी मशीन दुर्घटना ग्रस्त हो चुकी तथा बड़ी मात्रा में शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाई जा चुकी है। इस तरह क्षतिग्रस्त बिजली का खम्बा काफी समय तक सडक पर पड़ा रहा। वही मौजूद लोगों द्वारा इस घटना की सूचना जब पुलिस को दी गई तो मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा जेसीबी मशीन के चालक को अपनी गाड़ी में बैठाने के साथ साथ अन्य किसी दूसरे चालक के माध्यम से मशीन को पुलिस थाने ले जाया गया। जिससे अनुमान लग रहा था कि जिस तरह शराब के नशे में धुत्त चालक द्वारा शासकीय संपत्ति को क्षति पहुंचाने के साथ साथ शराब के नशे में सड़क पर मचाये गये तंडाव के चलते पुलिस द्वारा आरोपित चालक के खिलाफ सख्त कार्यवाही करेगी। मगर हैरत में लोग उस समय पड़ने से नही चूक पाये जब दूसरी दिन मशीन पुलिस थाने से निकल गई और कार्यवाही के संबंध में सूत्रो से मिल रही जानकारी के अनुसार नगर पालिका द्वारा अपनी क्षतिपूर्ति का भरोसा मिलने के चलते इस तरह सड़क पर तंडाव मचाने वाले के लिये माफ कर दिया गया है? वही इस संबंध में पुलिस का कहना है कि घटना तो घटित हुई है मगर मामले की शिकायत करने के लिये प्रार्थी कोई नही है जिसके चलते कार्यवाही हो पाना मुश्किल हो रहा है..? अब सबाल यह पैदा हो रहा है कि जहां आये दिन पुलिस बाइक चालकों को रोक रोक कर उनके मुंह में मशीन डालकर इस बात का पता करते हुये देखी जाती है कि यह बाइक चालक शराब के नशें में मोटर साईकिल तो नही चला रहा है? अब जब आम जनता के बीच मौत तंडाव मचाते हुये देखे गये व्यक्ति को सिर्फ क्षतिपूर्ति के भरोसे माफी नामा मिल जाना निश्चित तौर से अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रहा है? वही दूरी ओर सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि यह मशीन बीते हुये कुछ दिनों से क्षेत्र में संचालित हो रहे बिजली कारखाने में कोयले के काम में लगी हुई है? इस सच्चाई से बिजली कारखाने की भूमिका भी सबालों के घेरे में आने से नही चूक पा रही है कि इस तरह शराब के नशे में वाहन चलाने वाले ड्राईवरों को जगह केसे प्रदान की जा रही है? यदि इस तरह किसी दिन कोई बड़ी घटना घटित होती है तो इसका कौन जिम्मेदार होगा...?

## बिना नम्बर के चल रहे सैकेडों टैक्ट्रर से दुर्घटना की बनी आशंका

**हरिभूमि न्यूज/नांदनेर/गाडरवारा।** जहां एक ओर प्रशासन द्वारा क्षेत्र के अनेक जगहों पर चैकिंग प्यांट लगाकर वाहनों की चैकिंग तो की जा रही है, मगर इसके बाद भी जिस प्रकार से प्रशासन द्वारा ऐसे वाहनों को नजर अंदाज किया जा रहा है जो वर्षो से बगैर नम्बर प्लेट के दौड़ रहे है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो ट्रेक्टर क्षेत्र में रेत, मुरूम का अवैध उत्खनन लगातार हो रहा है, एक तरफ जहां कभी कभी विभाग द्वारा इस ओर कारवाई की जा रही है, वही अवैध उत्खनन करने वाले अपने उत्खनन के दौरान अधिकांशत रेत कोरोबारी उन ट्रेक्टरों को उपयोग में ला रहे है जिनमें नम्बर नही लिखा हुआ है, इस प्रकार से बगैर नम्बरों के टेक्ट्ररों से ढुलाई कराने के चलतें जहां एक तरफ राजस्व को लाखों का नुकसान हो रहा है। वही इस पर अभी तक आर टी ओ विभाग द्वारा किसी प्रकार की कार्यवाही नही किये जाने कारण इन टेक्टर वालों के हौसले बुलंद है, क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से सैकड़ो ऐसे ट्रेक्टर बगैर नम्बर चल रहे है, जिनमें देखा जावे तो अधिकांश अवैध उत्खनन के कार्य में संलिप्त है? टैक्टरों में जहां एक तरफ बिना नम्बर होने के चलते दुर्घटना के बाद इनकी पहचान करना मुश्किल हो जाती है, वही अवैध उत्खनन के समय छापे के दौरान टेक्टर चालकों और मालिकों के भाग जाने से अवैध



उत्खनन करने वालों की जानकारी भी आसानी से नही मिल पाती है? संबंधित विभाग की लापरवाही के चलतें जहां क्षेत्र की सड़कों पर इस प्रकार से दौड़ रहे उनके खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए, क्योंकि इस समय यह भी देखा जा रहा है कि ट्रेक्टर चालको द्वारा रात के समय ट्रेक्टर का उपयोग करते समय सामने का एक ही लाईट चालू किया जाता है जिससे सामने आने वाला व्यक्ति उसे दो पाहिया वाहन समझकर साईड देता है और वह दुघर्टना ग्रस्त हो जाता है। अतः शासन प्रशासन से मांग की जाती है कि बगैर नम्बर तथा एक लाईट व बगैर लाईट के टैक्टरों के खिलाफ एक मुहित के तहत कार्यवाही की जावें।

### वन समितियों की देखरेख में तेजी से संग्रहित हो रहा तेंदूपत्ता

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** इन दिनों क्षेत्र में वन विभाग द्वारा बनाई गई सालीचौका, चीचली, गोटीटोरिया यूनिट की देखरेख में व्यवस्थित ढंग से जंगल क्षेत्र में तेन्दूपत्ता का संग्रहण का कार्य जारी है, जिससे उम्मीद है कि वन समितियों को तेंदूपत्ता के संग्रहण का जो लक्ष्य दिया गया है वह पूर्ण जायेगा। गौरतलब है कि इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी में तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के दौरान वन क्षेत्र के आसपास के गांवों के आदिवासी, मजदूरों को अच्छी आय का साधन साबित हो रहा है, वही उनका वक्त खुशी के साथ कट रहा है, वन समितियों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष गर्मी अधिक पड़ने से पिछले वर्ष की तुलना में क्षेत्र के जंगल के तेंदूपत्ता की गुणवत्ता बेहतर होने से इस कार्य में ज्यादा सहयोग मिल रहा है। आमतौर पर एक मजदूर दिन भर में लगभग 300 गड्डी तेदूपत्ता तोड़कर लगभग 500 से लेकर 700 रूपया तक प्राप्त कर लेता है जिसके चलते उसकी मजदूरी निकल आती है। क्षेत्र के वनांचल के गांवों में रहने वाले आदिवासी हर साल बेसब्री से तेंदूपत्ता संग्रहण क कार्य शुरू होने का अप्रैल मो से इंतजार करने लगे है। ज्ञात हो कि क्षेत्र के वनांचल में उपजा तेंदूपत्ता हमेशा से अपनी गुणवत्ता को लेकर श्रेष्ठ माना जाता है जिसे खरीदने बाहर के व्यापारी लालायित रहते है।

## इंद्रा कॉम्लेक्स की छत पर छलक रहे जाम, क्षेत्र के रहवासी हो रहे परेशान

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** वर्तमान में युवाओं के लिए शराब पीना, पिलाना फैशन बन गया है, जिसका नतीजा है कि रात में शहर के वीरान ईलाकों में शराब पीने के शौकीन युवा महफिल आबाद कर सामाजिक मार्यादाओं की अनदेखी करते हुए जमकर शराब खोरी कर रहे है? बताया जाता है कि जबसे फलो के प्लेवर वाली शराब की शीशियॉ नगर में मिलने लगी है, युवाओं में शराब पीने का शौक अधिक बढ़ गया है। गौरतलब है कि शहर में मदिरा तो आसानी से मिल जाती है पर नगर में एक भी वीयरवार या अहाता न होने की स्थिति में सुरा प्रेमियो के लिए समस्या यह रहती है कि आखिर कहॉ बैठकर पैमाने टकराये जाऍ? यह ऐसी उलझन है कि मदिरा प्रेमी युवा रात्रि में कही भी बैठ शराब पीने का शौक पूरा कर शहर को गंदगी का उपहार भेंट कर देते है। वही मिल रही जानकारियों के अनुसार इस समय शहर के इंद्रा काम्लेक्स के अनेक व्यापारियो ने बताया कि शाम ढलने के बाद इंद्रा काम्लेक्स की बडी छत पर शराब की शीशियो, डिस्पोजल, पानी पाऊच, सिगरेट के पैकिट आदि सामान लेकर युवा आ धमकते है और घंटो शराब खोरी करने के बाद अपने दो पहिया वाहनो से शराब की खाली शीशियॉ और गंदगी छोड़ दफा हो जाते है, जिसे चलते इस इंद्रा काम्लेक्स का वातावरण भी प्रदूषित हो रहा है, वही बताया जाता है कि नगर के इंद्रा काम्लेक्स की बड़ी छत पर प्रतिदिन हो रही शराब खोरी के चलते यहां पर निवास करने वाले आमलोग व क्षेत्र के व्यापारी उत्तेजित हो रहे, उनकी पुलिस से मॉग है कि पुलिस इंद्रा काम्लेक्स में शराब खोरी रोकने की दिशा में पहल करें।



## दुकानों से लेकर वाहनों में भी धड़ल्ले से हो रहा घरेलू गैस का उपयोग, प्रशासन की भूमिका बनी संदिग्ध

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** जहां एक ओर लोगों को इस समय गैस प्राप्त करने के लिए परेशान होते हुए देखा जाता है। वही दूसरी ओर घरेलू गैस का व्यवसायिक उपयोग प्रतिबंधित है। मगर इसके बाद भी देखा जा रहा है कि नगर में जहां खुलेआम घरेलू गैस को नियम विरूद्व तरीके से दुकानों पर व्यवसायिक रूप से उपयोग हो रहा है, इस बात की सच्चाई सड़को पर आलू बंडा, चाट, मुंगोडी और अंडे का ठेला लगाने वाले बेहतर जानते है? जब भी किसी अधिकारी को कानून का पालन करानें की याद आती है तो सड़क किनारे से 4-5 सिलेंडर जप्त कर लिये जाते है, परंतु रसूखदार मालिको के बड़े प्रतिष्ठानो पर कार्यवाही करने में अधिकारियो के हाथ में न जाने क्यो दही जम जाता है? घरेलू गैस के दुरूपयोग को रोकना खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की जिम्मेदारी है मगर विभाग द्वारा दिखाई जाने वाली सुस्ती से घरेलू उपभोक्ताओं के हक पर डाका डाल रहे होटल संचालको व अन्य व्यवसायियो के हौसले बुलंद है। शादियो सीजन के दौरान जहां खुलेआम घरेलू गैस का दुरूपयोग होते हुये देखा जाता है। वही दूसरी ओर जिम्मेदार अधिकारी जम शाम ढले किसी समारोह में सह परिवार पहुंचते है तो वहां हर स्टॉल पर घरेलू सिलेंडरो पर रखे कड़ाहो से विभिन्न व्यंजन तलकर निकलते है तो वे इनका आनंद लेते हुई दिखाई देने से नही चूकते है? इस प्रकार से घरेलू सिलेंडरो का मुद्दा कैटरर्स के पाले में आते ही उनके रसूख और शादियो के ढोल ढमाको में दबकर रह जाता है। वही देखा जावे तो प्लेट्स के आधार पर बिल चार्ज करने वाले कैटरर्स को व्यवसायिक काम के लिए कामर्शियल सिलेंडरो का उपयोग करना गंवारा नही है जिसके चलते प्रतिदिन दर्जनो सिलेंडर खाली कर देने वाले इन कैटरर्स को कभी गैस संकट का सामना भी नही करना पड़ता है। इस प्रकार से घरेलू गैस की बढ़ती कीमतो ने भले ही खाने का स्वाद बिगाड़ दिया हो मगर आयोजनों में खाना बनाने वाले पूरी दिलैरी के साथ लोगो को लजीज व्यंजनो का स्वाद चखा रहे है। रसोई गैस में दौड़ रहे वाहन इतना ही नही यदि गौर किया जावे तो क्षेत्र मे सैकड़ो की तादाद में सीएनजी ईंधन से चलने वाले वाहन दौड़ रहे है वही दूसरी ओर जिले में कही भी सीएमजी रिफलिंग सेन्टर नही है, जो वाहन चालक अपने वाहन में वास्तव में सीएनजी भराना चाहता है उसे किसी दूसरे बड़े महानगरों के रिफलिंग सेन्टर जाना पड़ेगा, ऐसे में अब प्रश्न यह उठता है कि इन्हे सीएनजी गैस टेंक में डालने कहां से मिलती है? जाहिर सी बात है उपभोक्ताओं के हिस्से की टंकी इन्ही वाहनो में रिफिल की जा रही है, जिसके चलते शहर में आये दिन चोरी छुपे 100-50 रूपये में रिफिल किये जाने का कारोबार जोरो पर है? जबकि देखा जावे तो इस प्रकार से रसोई गैस से वाहनो को दौड़ाने के चक्कर में आये दिन किसी ने किसी शहर में हादसे होने की खबर आती रहती है मगर इसके बाद भी प्रशासन का रवैया गैर जिम्मेदाराना होना चिंता की बात है? जबकि इस प्रकार से संभावित हादसो और घरेलू गैस की किल्लत को रोकने के लिये यह बेहद आवश्यक है कि विभागीय अधिकारी गंभीरता दिखाते हुए इन पर नकेल कसने का प्रयास करें एवं जिन स्थानो पर असुरक्षित तरीके से गैस रिफलिंग का काला कारोबार चल रहा है उन ठिकानो पर छापामारी कर उन्हे सबक सिखाया जाये, वही विवाह समारोहो एवं अन्य ऐसे आयोजन जहां घरेलू गैस के दुरूपयोग पर भी अंकुश लगना जरूरी है?



### नगर के पुराना बस स्टेन्ड क्षेत्र में आये दिन जाम लगने से हो रहे लोग परेशान

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** यह बात अलग है कि प्रशासन द्वारा नगर में हर वर्ष अतिक्रमण हटाने की मुहिम चलाई जाती है। मगर इस मुहिम का परिणाम इस प्रकार से देखने मिला है कि प्रशासन द्वारा सिर्फ छोटे मोटे लोगों को हटाते हुए बड़े प्रभावशाली लोगों को जिस प्रकार से अभयदान दिया जाता है कि उसके चलते न तो नगर को अतिक्रमण से मुक्ति मिल पा रही है और न ही नगर की यातायात व्यवस्था में सुधार देखने मिल रहा है। क्योंकि अतिक्रमण के चलते खाली होने वाली भूमि को भी प्रशासन द्वारा सुरक्षित करने में बरती जाने वाली कोताही का परिणाम है कि अतिक्रमणकारी चंद दिनों बात उस स्थल पर पुनः अपना कब्जा जमाने से नही चूकते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय नगर के पुराना बस स्टेन्ड के पास देखने मिल रही है, जहां पर मुख्य मार्ग सहित सड़क के आसपास हुये अतिक्रमण का परिणाम है कि इस क्षेत्र में आये दिन जाम की स्थिति निर्मित होने से आम लोगों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होते हुए देखा जा रहा है। इतना ही नही इस क्षेत्र में यदि अतिक्रमण की सच्चाई पर गौर किया जावे तो कुछ लोगों द्वारा नाली पर तक पक्का निर्माण करते हुए अपना कब्जा जमा लिया गया है

## खबर संक्षेप

### रूह कांप जाती है बाईकर्स चालकों की चाल देखकर

**अनूपपुर।** इस समय यदि नगर की यातायात व्यवस्था पर गौर किया जावें तो अनेक प्रकार के नजारे देखने मिल रही है जिसमें प्रमुख रूप से दिन भर वह बच्चे दो पाहिया वाहनों को चलाते हुए देखे जाते है जिनकी उम्र वाहन चलानें के लाईक होने की बात तो दूर यदि उन्हें वाहन पर बैठा कर जमीन में पैर लगवाये जावे तो वह भी नही पूज पायेगे? मगर इसके बाद भी इस प्रकार के बच्चे दो पाहिया वाहन को तीन-तीन सबारी बैठाकर फर्राटे मारते हुए गाडी दौडाते हुए नगर की सडको पर आसानी से देखे जा सकते है? वही यदि रात की बात की जावे तो शाम होते ही नगर की सडको पर जिस प्रकार से बाईकर्स चालको की गाडियां जिस स्थिति में दौडती है। उसे देखते हुए तो लोगो की रूह कांप जाती है इस समय शाम होते ही शहर की सडको पर देखा जा रहा है कि आवारागर्दी और अराजकता का माहौल दिन प्रतिदिन बढता जा रहा है? शाम ढलते ही शहर की सडको पर आवारागर्दी के नजारे आसानी से देखने मिल रहे है? जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो अनेक युवा बिना नंबर की मोटर सायकिलों पर सवार होकर नशे की हालत में इस कदर गाडी दौडते है कि यदि धोखे से कोई उनकी गाडी के सामने आ जाये तो उसका बचना मुश्किल ही हो जाता है?

### जिले से गायब हुआ नापतौल विभाग

**अनूपपुर।** हमेशा सुर्खियां बटोरने वाला नापतौल विभाग जो कि जिले में चल रही कम तौल से संबंधित व कई कार्यो में हस्तक्षेप व उन्हे खत्म करने की बजाय अपने कार्यालय में आराम फरमाते हुये अपनी मनमर्जी करते नजर आते है। जिसके कारण जिले के आम उपभोक्त पूरी तरह से परेशान है, लेकिन नापतौल विभाग के अधिकारी को इन बातो से कोई लेना देना नही है साथ ही ये तराजू बांटो को अपने ही कार्यालय में बुलाकर जांच कर अपना पलड़ा झाड़ लेते है वहीं शासन प्रशासन छोटे मोटे मामले समझकर इस ओर ध्यान नही दे रहे है। जिले के नाप तौल विभाग की उपेक्षा के कारण जिले का आम उपभोक्ता शोषण का शिकार हो रहा है। ज्यादा कीमत के बीच कम तौल के कई मामले दैनिक उपयोग की वस्तुओं में देखे सुने जा रहे है। बाजार में तौल कांटो की गड़बड़ी को मिटाने कोई भी संस्था व शासकीय विभाग आगे नहीं आ रही है। जिसके कारण आमजनों का यह शोषण बढ़ते ही जा रहा है। इस उदासी के कारण नापतौल विभाग का अमला भी अपनी मनमर्जी का शिकार हो गया है। संभाग की सबसे बड़ी सब्जी मंडी में फुटकर व थोक ग्राहकों के बीच रोज चिकचिक देखने को मिलती है। कम तौल से त्रस्त होकर उपभोक्ता प्रतिदिन सब्जी बजारों में कहीं न कहीं अपने अधिकारों का हनन होता देख विरोध जताता हुआ मिल जाता है। सब्जी भाजी की चिल्हर दुकानों से लेकर किराना दुकानों तक में कम तौल के कारण होने वाली चिकचिक से उपभोक्ता परेशान दिखाई देते है। अधिकारियों और दुकानदारों की इस सांठ-गांठ के कारण नागरिक लूटने के लिये विवश है।

### संयुक्त सहकारिता समिति के जिलाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**कोतमा।** संयुक्त सहकारिता समिति कर्मचारी महासंघ जिला इकाई अनूपपुर के जिला अध्यक्ष लालमणि मिश्रा ने बताया कि उनके द्वारा प्रदेश अध्यक्ष को पत्राचार करते हुए बताया गया।

### प्रवीण शुक्ला का निधन

**अनूपपुर।** कई दिनों से बीमार चल रहे प्रवीण शुक्ला पिता स्व. बालमुकुंद शुक्ला का विगत दिवस दुखद निधन हो गया। ज्ञात हो कि श्री शुक्ला आरटीओ एजेंट थे वही शंकर मंदिर के नियमित पुजारी थे। श्री शुक्ला के दुखद निधन पर ईष्ट मित्रों सहित पत्रकार मनोज शुक्ला, राजेश शुक्ला, राजेश शिवहरे, मनोज द्विवेदी, चैतन्य मिश्रा, अमित शुक्ला, बद्री तिवारी, अजय मिश्रा, किशोर सोनी, आशीष द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, आशुतोष शुक्ला, संजीव शुक्ला समेत नगरवासियों ने दुख व्यक्त करते हुये मृतात्मा की शांति व परिजनों को दुख सहने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की।

# मंडला लोकसभा की कमान एक बार पुनः फग्गन सिंह कुलस्ते के हाथों में





मंगलवार के दिन मंडला संसदीय क्षेत्र की डिंडोरी और शहपुरा विधानसभा सीट से मतगणना के दौरान जैसे ही ई व्ही एम मशीन ने प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करना आरंभ किया तो पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों की जान जैसे हलक में आ गई, इस दरमियान कहीं कांग्रेस के ओमकार सिंह मरकाम आगे तो कहीं फग्गन सिंह कुलस्ते बढ़त बनाते नजर आए ।

**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

लेकिन बढ़ते चरणों (राउंड) के साथ ही यह तय मान लिया गया था की दोनो प्रत्याशियों के बीच हार - जीत का अंतर कुछ ज्यादा रहने वाला नही और हुआ भी कुछ ऐसा ही, ओमकार सिंह मरकाम चैदह राउंड की गणना में बेहद मामुली अंतर 1875 मतों से बढ़त बनाने में कामयाब रहे । लेकिन अपने ही गढ़ और विधानसभा क्षेत्र डिंडोरी से मुंह की खानी पड़ी ,जहां विधानसभा चुनाव में उनके नाम का डंका बजता था।

बता दें की ओमकार सिंह मरकाम ने शहपुरा विधानसभा क्षेत्र से 5117 मतों के साथ जीत हासिल की तो फग्गन सिंह कुलस्ते ने उन्हें उनके ही घर में 3242 मतों से निपटा दिया और इस प्रकार यहां से भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते पहली दफा सेंध मारने में सफल रहे ,जिसका सारा श्रेय भाजपा जिलाध्यक्ष अवध राज बिलैया, पार्टी पदाधिकारियों संगठन एवं कार्यकर्ताओं को जाता है, जिन्होंने एकजुट हो ऐड़ी चोटी की जोर आजमाइश की और नतीजे सबके सामने है, लेकिन इसके साथ ही शहपुरा विधानसभा क्षेत्र में कुलस्ते को मिली हार भी नजर अंदाज नहीं की जा सकती।

#### किसे कितने मत

बता दें की मंडला संसदीय क्षेत्र की डिंडोरी और शहपुरा विधानसभाओं में 655 पोलिंग के लिए कुल 519000 मतदाता थे, और चैदह प्रत्याशी चुनाव मैदान में ,जिनमे से इंदर सिंह उइके ( बसपा ) को दोनो विधानसभाओं से कुल 4284 मत , ओमकार सिंग मरकाम (कांग्रेस) 174468 मत, फग्गन सिंह कुलस्ते (भाजपा)172593 मत, चंद्र सिंह कुशराम (भारतीय शक्ति चेतना पार्टी ) 5474 ,चरण सिंह धुर्वे (भारत आदिवासी पार्टी) 2004 , महेश कुमार बट्टी (गोंडवाना गणतंत्र पार्टी) 9025 ,रामकुमार इनवाती (स्मार्ट इंडियन पार्टी) 715 , अशोक सरैया (निर्दलीय) 1155 , कलिया बाई काकोडिया ( निर्दलीय ) 815 , घूर सिंग सल्लाम ( निर्दलीय) 1083 ,देव सिंह कुमरे ( निर्दलीय)1256 , डॉक्टर भाव सिंह तेकाम ( निर्दलीय) 2082 ,राकेश सिंह ठाकुर ( निर्दलीय) 2651,सितार मरकाम (निर्दलीय)3192 मत और इनमे से कोई नहीं ( नोटा) के लिए 5851 मत पड़े।

#### जश्न में डूबे समर्थक

जैसे ही मंडला संसदीय क्षेत्र में फग्गन सिंह कुलस्ते ने लंबे अंतराल से बढ़त बनाई और डिंडोरी विधान सभा में जीत दर्ज की ठीक वैसे ही मतगणना स्थल शासकीय चंद्र विजय कॉलेज के सामने बायपास तिराहे पर भाजपा पदाधिकारियों और समर्थकों ने जोरदार आतिशबाजी की एवं जमकर नारे लगाए। इसके बाद भाजपा कार्यालय के सामने भी आतिशबाजी कर मिठाइयां वितरित कर समर्थकों द्वारा जश्न मनाया गया।

## फर्जीवाड़ाः हितग्राही कोई और योजना का पैसा किसी और को दे दिया

### -मामला शहपुरा जनपद के ग्राम पंचायत रनगांव का



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** पीएम मोदी की गारंटी के चलते दावा किया जा रहा है कि कोई भी गरीब कच्चे मकान में नहीं रहेगा और योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है. लेकिन कई ऐसे अधिकारी कर्मचारी हैं जो योजनाओं को पलीता लगा रहे हैं. ऐसा ही एक मामला सामने आया है जहां पर प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना के चलते जिस हितग्राही को मकान बनाने के लिए योजना का पैसा मिलना था उसके खाते में पैसा न डालकर अधिकारियों ने दूसरे के खाते में पैसा डलवा कर फर्जीवाड़ा किया है। यहां जिम्मेदार अधिकारियों की मिलीभगत और लापरवाही के कारण हितग्राही की जगह उसी नाम के दूसरे परिचित के खाते में योजना की राशि पहुंचा दी गई. मामला वर्ष 2021 का है जिसकी शिकायत मिलने के बाद इसकी शिकायत जनपद से लेकर जिला तक हुई और ऑनलाइन से पीएम आवास योजना का डिटेल निकलवाई तो गड़बड़ी उजागर हुई है।

पहले से मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास ग्रामीण के तहत जनपद पंचायत शहपुरा के ग्राम पंचायत रनगांव में पैसे ट्रांसफर करने में घोटाला किया गया. यहां पर प्रधानमंत्री आवास योजना में पात्र हितग्राही सिया बाई पिता मातादीन यादव पक एमपी 4603023 वर्ष के स्थान पर किसी दूसरे व्यक्ति का खाता दर्ज कर राशि पहुंचा दी गई और हितग्राही आज भी आवास के लिए दर-दर भटकने को मजबूर हैं। हितग्राही स्व सिया बाई की मृत्यु के पश्चात यह गड़बड़ घोटाला किया गया । मामला वर्ष 2020-2021 का है, जहां पात्र हितग्राही को राशि नहीं मिलने की शिकायत जनपद से लेकर जिला लेवल तक कर दी गई लेकिन आज तक हितग्राही के परिवार को अपना आवास का लाभ नही मिला और कागजों में उनके नाम की चार किस्ते निकालकर आवास पूर्ण बता दिया गया।बाद मामले की जांच की गई तो गड़बड़ी उजागर हुई. अब देखना यह होगा कि इस मामले को जनपद में बैठे अधिकारी कब तक संज्ञान में लेंगे और कब रनगांव पंचायत के कर्मचारियों पर कार्यवाही करेंगे।

## शासकीय चन्द्रविजय महाविद्यालय में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत सफलतापूर्वक मतगणना की गई





**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।**

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा के निर्देशन और शहपुरा विधानसभा के मतगणना प्रेक्षक एन.के. प्रजापति एवं डिण्डौरी विधानसभा के मतगणना प्रेक्षक श्री भूपेन्द्र सिंह की उपस्थिति मतगणना को सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया।

मंडला संसदीय क्षेत्र क्रमांक 14 के तहत शहपुरा विधानसभा क्रमांक 103 और डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 104 की मतगणना चंद्रविजय कॉलेज में संपन्न हुई। मतगणना के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी जिसके तहत मोबाइल पूर्णतः प्रतिबंधित था ,सुबह 7 बजे प्रेक्षक और राजनीतिक प्रतिनिधियों की उपस्थिति में स्ट्रांग रूम को खोला गया। प्रातः 8 बजे से दोनों विधानसभा क्षेत्र में मतगणना प्रारम्भ हुई मतगणनाकर्मियों द्वारा राजनैतिक एजेंट की उपस्थिति में प्रत्येक राउंड के लिए गणना की गयी। दोनों विधानसभा के लिए 14-14 राउंड निर्धारित रहे, प्रत्येक राउंड के बाद एआरओ और प्रेक्षक ने हस्ताक्षर कर मतगणना को अनुमोदित किया।

मतगणना स्थल पर सभी मतगणनाकर्मी और अधिकारियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गयी। प्रत्येक राउंड के बाद एआरओ द्वारा प्राप्त मतों की घोषणा की गयी, जिससे सभी आमजन को भी नतीजे प्राप्त होते रहे।

शहपुरा विधानसभा क्षेत्र 103 में 14 राउंड की गिनती के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम को 89468 मत, भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते को 84351 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा अन्य प्रत्याशीयों में इन्दर सिंह उइके को 2024 मत, चंद्र सिंह कुशराम को 3123 मत, चरण सिंह धुर्वे को 640 मत, महेश कुमार बट्टी को 6093 मत, रामकुमार इनवाती को 465 मत, अशोक सरैया को 586 मत, कलिया बाई को 550 मत, घूरसिंह सल्लाम को 734 मत, देव सिंह कुमरे को 804 मत, भाव सिंह तेकाम को 1195 मत, राकेश ठाकुर को 1618 मत, सितार मरकाम को 1843 मत और नोटा को 3033 मत प्राप्त हुए। वहीं डिंडोरी विधानसभा क्षेत्र 104 में 14 राउंड की गिनती के बाद भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते को 88242 मत, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम को 85000 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा अन्य प्रत्याशीयों में इन्दर सिंह उइके को 2260 मत, चंद्र सिंह कुशराम को 2351 मत, चरण सिंह धुर्वे को 1364 मत, महेश कुमार बट्टी को 2932 मत ,रामकुमार इनवाती को 250 मत, अशोक सरैया को 569 मत, कलिया बाई को 265 मत, घूरसिंह सल्लाम को 349 मत, देव सिंह कुमरे को 452 मत, भाव सिंह तेकाम को 887 मत, राकेश ठाकुर को 1033 मत, सितार मरकाम को 1349 मत, और नोटा को 2818 मत प्राप्त हुए।

## ले जाने को मजबूर लोटा, यहां शौचालय का टोटा

### अब भी बीस फीसदी आबादी जाती है खुले में शौच

#### सर्वे के बाद भी नहीं हो सके शौचालय निर्माण

**अनूपपुर।**



खुले में शौच जैसी कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सरकार कवायद कर रही है, इसके लिए स्वच्छ भारत मिशन जैसे अभियानों पर करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, ग्रामीण तो ग्रामीण क्षेत्र इसका असर शहरी क्षेत्र में भी देखने को नहीं मिल रहा है आलम यह है कि शहर की करीब 20 प्रतिशत से अधिक आबादी अभी भी शौचालय के अभाव में खुले में शौच करने को मजबूर है लेकिन स्थानीय प्रशासन इस ओर ध्यान नही दे रहा है। सरकार इसके लिए हितग्राही को अनुदान भी दे रही है, साथ ही प्रशासन भी लोगों को जागरूक करने के लिए कई प्रयास कर रहा है। लेकिन शहर में स्थानीय जिम्मेदार इस अभियान में रूचि नहीं ले रहे हैं यही कारण है कि शहरी क्षेत्र में अभी भी 20 प्रतिशत से अधिक परिवारों के घरों में शौचालय नहीं है यह लोग खुले में ही शौच कर रहे हैं इसके चलते शहर के आसपास व कई अंदरूनी क्षेत्र जहां पर जमीन खाली पड़ी है वहां गंदगी का अंबार लगा रहता है गंदगी से उठने वाली दुर्गंध व पनपते मच्छरों के कारण रहवासियों का जीना दूभर हो रहा है। शहर के कई घरों में शौचालय नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में महिला, बच्चे खुले में शौच करने को मजबूर हो चुके हैं। अधिकांश लोगों के घरों में बिना सेफ्टी टेंक के शौचालय हैं सेफ्टी टेंक के अभाव में शौचालय का सीधा कनेक्शन नाले एवं नालियों में कर दिया है। इससे आस पास के रहवासियों का जीना दुभर हो रहा है साथ ही कई संक्रामक बिमारियां भी फैलने का अंदेशा बना रहता है वहीं गंदगी के वजह लोगों को गंभीर बीमारियों का सामना भी करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि शहर के कई इलाको मे आज भी शौचालयो की दरकार है। हालांकि प्रशासन ऐसी जगहो में शौचालय का निर्माण करा रही है। बताया जाता है कि पूर्व मे शौचालय बनाये जा रहे थे परंतु बीच मे कुछ कारणो से निर्माण कार्य रूक गये थे और अब पुनः शौचालय निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। शहर के अधिकांश इलाके के रहवासी आज भी नदी नालो, खाली मैदानो, खेतो की ओर शौच के लिए जाते है ऐसे मे एक ओर सरकार की मंशा का पालन पूर्णरूपेण सुनिश्चित नही हो रहा है।

## कम्प्यूटर सेंटरों की बाढ़ में फंस रहे बेरोजगार



### विज्ञापनों के माध्यम से युवा बेरोजगारों को कर रहे अपनी ओर आकर्षित

**अनूपपुर।**

शासन-प्रशासन के तमाम आदेशों को धता बताते जिले भर में इन दिनों कम्प्यूटर सेंटरो की बाढ़ सी देखी जा रही है जिसमें तमाम युवा बेरोजगारों को ये कम्प्यूटर सेंटरों के संचालक अपनी ओर आकृर्षित कर उनसे मोटी रकम वसूल रहे हैं। यहां तक कि कई सेंटरो द्वारा फर्जी तरीके से ख्याति प्राप्त कालेजो का मोनो व नाम का भी सहारा लिया जाता है। जिले भर में जगह-जगह इन दिनों कम्प्यूटर सेंटरो का आतंक इस कदर हावी है जिसके मकड़जाल में युवा बेरोजगार फंसने से पीछे नहीं है। इन युवाओं को कम्प्यूटर सेंटर संचालक व इनके कर्ता-धर्ता अपनी ओर आकर्षित कर इनसे एक मोटी रकम वसूल करते हैं तथा चढ़ाई व अन्य मामलों में गुणवत्ता विहीन रहते हैं। बताया जाता है कि जिले भर में संचालित कई कम्प्यूटर सेंटर व अंग्रेजी सिखाने वाली संस्था फर्जी तरीके से ख्याति प्राप्त कालेजो के नाम को बदनाम कर उससे अपने आप को सबंद्ध बताती फिरती है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक फर्जी डिग्री देने का कारोबार भी कई कम्प्यूटर सेंटरो द्वारा खुलेआम किया जाता है। एक ही कमरे में कम्प्यूटर सेंटर खोल कर अच्छी खासी कमाई में लिप्त ये कम्प्यूटर सेंटर के संचालक युवाओं के रास्ते को भटकाते फिर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार जिले भर में कुकुर मुत्ते की तरह फैले ये कम्प्यूटर सेंटर के लोग कोतमा, अनूपपुर, पुष्पराजगढ़ के शासकीय कालेजो में पहुंचकर वहां के छात्र-छात्राओं को अपनी संस्था से जुड़ने के गुर सिखाते हैं। कई जगह यह भी देखने में आया कि कम्प्यूटर सेंटरो के भीतर पढ़ाई-लिखाई तो दूर सिर्फ नैन मटक्का ही होता रहता है। जिसे युवा-युवक व युवती एक कैफे व शांत जगह के रूप में मानते हैं। गौरतलब है कि जिले में डी.सी.ए. की डिग्री कईयो की फर्जी पाई गई थी जिसकी विधिवत जांच भी कराया गया था। शासन के नियमों को धता बताते हुए जिले भर में फैले इन कम्प्यूटर सेंटरो पर जिला प्रमुखों की नजर क्यों नहीं जाती यह महत्वपूर्ण प्रश्न है। जहां राज्य शासन पढ़ाई को लेकर इतनी गंभीर है वहीं जिले भर में फर्जी तरीके से संचालित कम्प्यूटर सेंटरो का इस प्रकार खुलेआम संचालित होना प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह पैदा करता है। बहरहाल शासन प्रशासन से जनापेक्षा है कि जिले में फैले इन कम्प्यूटर सेंटरो की जांच कराया जावे ताकि युवा बेरोजगार इनके झांसे में न फंस सकें।

## नौतपा के बाद भी जारी है भीषण गर्मी का कहर

**अनूपपुर।**

नौतपा के बाद सूर्य भगवान आग के गोले उगल रहे हैं। सूर्य भगवान के तेवर को देख कर लोग घर से नहीं निकल पा रहे। जिले के मुख्य गलियों, मार्गों, बाजारों में दिन भर सन्नाटा छाया रहता है। जिस तरह से सूर्य भगवान अपने तेवर दिखा रहे हैं, उसे देखकर बुजुर्गों का कहना है कि मानसून जल्द आयेगा और बेहतर बारिश होने की संभावना है, लेकिन जिस तरह से जून माह में भीषण गर्मी पड़ रही है उसे देखकर आमजनों का कहना है कि बारिश होते तक गर्मी के चलते जीवन अस्त-व्यस्त होते दिख रहा है, वही विकासखण्ड कोतमा, अनूपपुर, राजेंद्रग्राम, जैतहरी के कई ऐसे ग्रामीण क्षेत्र हैं जहां के हैण्डपंप तकनीकी समस्याओं के चलते अचल हैं। हैण्डपंप से पानी के बजाय गर्म हवा निकल रहा है। इतना ही नहीं जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भारी जलसंकट देखा जा रहा है। शासन द्वारा आम जनता को पानी उपलब्ध कराये जाने के लिए नित नई योजनाएं बनाकर करोड़ो, अरबों रूपये प्रत्येक वर्ष व्यय किये जाते हैं फिर भी मई-जून में आम जनता को पानी के लिए परेशान होना पड़ता है।

#### पानी के लिए मचा कोहराम

जिले के नगरपालिका क्षेत्र बिजुरी, पसान, अनूपपुर, कोतमा, जैतहरी क्षेत्र मे कई ग्राम पंचायतों में पेय जल के लिए हाहाकार मचा हुआ है। कई शहरी क्षेत्रों में 3 या 4 दिन में पेय जल सप्लाई किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### दोपहर 1 बजे तक लगेंगे स्कूल

**नरसिंहपुर ।** मौसम को दृष्टिगत रखते हुये शासन द्वारा स्कूल शिक्षा विभाग को आदेश दिये गये है कि सभी शासकीय स्कूल प्रातः 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक लगाये जाये । जारी आदेश मे उल्लेख किया गया है कि गर्मी को देखते हुये 15 जून तक स्कूलों को समय दोपहर 1 बजे तक रखा जावे । आयोजित होने वाली परीक्षाओं मे कोई परिवर्तन नही किया गया है । प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार द्वारा सभी स्कूलों को आदेश का पालन कराना सुनिश्चित करने के लिये कहा गया है ।

### श्री शनिदेव जयंती आज, होंगे विविध आयोजन




**नरसिंहपुर।** बुधवार को सम्पूर्ण जिले मे श्री शनिदेव की जयंती के उपलक्ष पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जावेगें । वही नगर के सभी शनि मंदिरों को भीड़ रहेगे। ज्ञात हो कि श्री शनिदेव हमेशा मन क्रम वचन से पवित्र तथा सत्य का साथ देने वाले भक्तों का हमेशा कल्याण करते है। वही इतवारा बाजार में स्तिथ श्री शनिदेव मंदिर में शनि जयंती के उपलक्ष्य में विविध आयोजन होंगे जिसमे सुबह 5 बजे अभिषेक किया जायेगा। इसके उपरांत 8 बजे हवन पूजन, रात्रि 7 बजे महाआरती एवं भंडारा किया जायेगा इस हेतु शनिदेव सेवा समिति ने सभी भक्तों से धार्मिक कार्य मे सम्मिलित होने की अपील की है।

### जहरीली दवा के सेवन से महिला की हुई मौत

**नरसिंहपुर।** जिले डोंगरगांव थाना अंतर्गत सेसाडाबर निवासी महिला गुड्डी बाई पति तख्त सिंह ठाकुर ने अपने ही घर में किया जहरीली दवा का सेवन कर लिया वही परिजनों को सूचना मिलने पर वह उसे जिला अस्पताल लेकर आये जहां डॉक्टर ने उपचार के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### जहर के सेवन से व व्यक्ति हुई मौत

**नरसिंहपुर।** जिले के ठेमी थाना अंतर्गत मेख निवासी आशीष कुमार पिता मदन लाल कुशवाहा उम्र 42 वर्ष ने अपने घर में किया जहरीली दवा का सेवन कर लिया। जिसे परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया वही जिला अस्पताल चैकी पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं।

### ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मौत



**नरसिंहपुर।** स्टेशन गंज थाना अंतर्गत डोकरघाट के पास रेलवें ट्रेक पर एक अज्ञात शव मिलने की पुलिस को सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुँची और शव का पंचनामा कार्यवाही करवाकर शव वाहन से शव को जिला अस्पताल लाया गया जहां उसका पोस्टमार्टम करवाकर शव को नगरपालिका टीम के द्वारा अंतिम संस्कार किया गया।

### 5 जून से जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु विशेष अभियान

**उमरिया।** जिले के समस्त नगरीय निकायों , ग्राम पंचायतों मे जल स्त्रोतो तथा नदी ,तालाबो, कुआं, बावडी तथा अन्य जल स्त्रोतो के संरक्षण एवं पुर्नजीवन हेतु 5 जून से 16 जून तक विशेष अभियान संचालित किया जाना है ।

## शांतिपूर्ण तरीके से मतगणना सम्पन्न, जताया आभार

# गृह विधानसभा भी नहीं जीत पाये कांग्रेस प्रत्याशी






मंगलवार को लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र 17 के अंतर्गत आने वाली जिले की तीन विधानसभा 119- नरसिंहपुर, 120- तेंदूखेड़ा व 121- गाडरवारा की मतगणना कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में सम्पन्न हुई।

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।

जिले की तीन विधानसभा क्षेत्र नरसिंहपुर, तेंदूखेड़ा व गाडरवारा की मतगणना के आंकडों के संकलन के पश्चात प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चैधरी को कुल 263756, बहुजन समाज पार्टी के रामगोविंद बारुआ को कुल 4673, इंडियन नेशनल कांग्रेस के संजय शर्मा संजू भैया को कुल 152223, भारतीय युवा जन एकता पार्टी के पंडित दिव्येन्द्र ब्रजमोहन दुबे एडव्होकेट को कुल 2325 शेष प्रत्याशियों को नोटा से भी कम मत प्राप्त हुये जबकि नोटा मे 5073 मत पड़े ।

### नरसिंहपुर विधानसभा में कांग्रेस की हार

विधानसभा 119- नरसिंहपुर की मतगणना के आंकड़ों के संकलन के पश्चात प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चैधरी को 98881, बहुजन समाज पार्टी के रामगोविंद बारुआ को 1254, इंडियन नेशनल कांग्रेस के संजय शर्मा संजू भैया को 52242, भारतीय युवा जन एकता पार्टी के पंडित दिव्येन्द्र ब्रजमोहन दुबे एडव्होकेट को 663, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के माखन सिंह लोधी को 279, निर्दलीय ज्योति सुरेश झारिया को 154, वही नोटा को 1613 मत प्राप्त हुए।

### घर की विधानसभा भी नही जीत पाये श्री षर्मा



विधानसभा 120 तेंदूखेड़ा की मतगणना के आंकड़ों के संकलन के पश्चात प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चैधरी को 70023, इंडियन नेशनल कांग्रेस के संजय शर्मा संजू भैया को 56629, वही नोटा को 1551 मत प्राप्त हुए। माना जा रहा था कि कांग्रेस प्रत्याशी तेंदूखेड़ा विधानसभा से बढ़त लेंगे उसका कारण बताया जा रहा था कि कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा इस विधानसभा से दो बार विधायक रह चुके है । लेकिन लोक सभा चुनाव मे उन्हे घर की विधानसभा से भी हार मिली ज्ञात हो कि श्री शर्मा विधानसभा चुनाव मे भी उन्हे हार का सामना करना पड़ा था ।

### आधे से भी कम मत हुये प्राप्त

विधानसभा 121- गाडरवारा की मतगणना के आंकड़ों के संकलन के पश्चात प्राप्त जानकारी के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के दर्शन सिंह चैधरी को 94852, इंडियन नेशनल कांग्रेस के संजय शर्मा संजू भैया को 43352, भारतीय युवा जन एकता पार्टी के पंडित दिव्येन्द्र ब्रजमोहन दुबे एडव्होकेट को 726 मिले वही नोटा मे 1909 मत पड़े शेष प्रत्याशियों को नोटा से भी कम मत मिल । वही कांग्रेस प्रत्याशी को भाजपा प्रत्याशी को मिल मतों से आधे मत भी नही मिल सके ।

### मंडला सीट से श्री कुलस्ते रहे आगे

लोकसभा निर्वाचन- 2024 के अंतर्गत मंडला संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जिले की गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र की मतगणना कृषि उपज मंडी नरसिंहपुर में सम्पन्न हुई। गोटेगांव विधानसभा की मतगणना के आंकडों के संकलन के पश्च्चात प्राप्त जानकारी के अनुसार बहुजन समाज पार्टी से इंदर सिंह उइके को 1994, इंडियन नेशनल कांग्रेस से ओंमकार सिंह मरकाम को 44137, भारतीय जनता पार्टी से फग्गन सिंह कुलस्ते को 92321, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से चंद्र सिंह कुशराम को 1013, नोटा को 1299 मत मिले।

### कलेक्टर जताया आभार

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले तथा पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने जिले में लोकसभा चुनाव निर्वाचन की मतगणना शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होने में सहयोग के लिए जिले के सभी मतदाताओं, अभ्यर्थियों व अभिकर्ताओं, राजनैतिक दलों, निर्वाचन प्रक्रिया में संलग्न अधिकारी- कर्मचारियों, पुलिस बल, मीडिया प्रतिनिधियों समेत संबंधित सभी जनों के प्रति जिला प्रशासन की ओर से आभार प्रकट किया है।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने व्यक्त किया आभार

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष इंजी.अभिलाष मिश्रा ने मंडला लोकसभा से प्रत्याशी केन्द्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते एवं नर्मदापुरम नरसिंहपुर लोकसभा प्रत्याशी चैधरी दर्शन सिंह को प्राप्त हुई ऐतिहासिक जीत के अवसर पर सम्पूर्ण जिला भाजपा की ओर से जिले की समस्त देवतुल्य जनता का आभार व्यक्त किया जिन्होने पुनः अपना मतरूपी आशीर्वाद प्रदान करते हुए मोदीजी के नेतृत्व पर तीसरी बार भरोसा कर पार्टी प्रत्याशियों को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाया और आगामी सरकार में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है एवं उन्होनें जिले के समस्त कार्यकर्ताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए प्रत्येक बूथ पर कमल खिलाने हेतु संघर्ष करने वाले परिश्रमी कार्यकर्ताओं को विजय समर्पित की जिन्होने कठिन परिस्थिति में कार्य करते हुए पार्टी को विजयश्री दिलाई।

### भाजपा सर्मथकों का जष्न जारी

मतगणना उपरांत भाजपा सर्मथकों द्वारा जीत जश्न मनाया रहा था। कार्यकर्ताओं द्वारा एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी जा रही थी वही देर रात तक अतिशबाजी भी की गई । जीत की खुशी मनाते हुये मतदाताओं का आभार भी जताया गया। वही भाजपा प्रत्याशी द्वारा मंदिरों जाकर पूजन अर्चन कर धार्मिक कार्यक्रमों मे भी सहभागिता ली गई । सर्मथकों व कार्यकर्ताओं मे चारों तरफ खुशी का माहौल व्याप्त रहा ।

## युवक को मारपीट कर उतारा मौत के घाट, जांच में जुटी पुलिस



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले के स्टेशनगंज थाना अंतर्गत आने वाले सिंहपुर चैकी के नवलगांव निवासी युवराज पिता रूप सिंह लोधी की मारपीट के चलते मौत हो गई। वही परिजनों ने बताया कि मृतक के साथ किसी व्यक्ति के द्वारा कथास्थल के पास मारपीट की गई थी जिसके कारण उसे निजी अस्पताल लाकर उपचार भी करवाया गया और दवा लेकर घर चले गए थे दूसरे दिन सीने में दर्द होने से उसे फिर परिजन अस्पताल लेकर आए जहां डॉक्टर ने परीक्षण के बाद मृत घोषित कर दिया वही अस्पताल चैकी पुलिस ने शव का पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया हैं । जिससे उसका अंतिम संस्कार किया जा सके। वही एसडीओपी मोनिका शुक्ला का कहना हैं कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी। वहीं आयोजक अजय लोधी ने भी इस घटना को सिरे से नकारते हुए कहा कि कथास्थल पर कोई वारदात नहीं हुई है। वही परिजनों को आरोप है कि कथा स्थल पर किसी व्यक्ति द्वारा युवक के साथ मारपीट की गई जिससे आई चोटो के कारण उसकी मौत हो गई । उक्त संबंध मे मिली जानकारी के अनुसार युवक मानसिक पीड़ति था और किसी बात को लेकर विवाद हुआ जिससे की गई मारपीट मे उसकी जान चली गई । फिलहाल मामले की जांच पुलिस द्वारा की जा रही है । अब देखना होगा कि क्या सामने आता है । ज्ञात हो कि नवलगांव मे बागेश्वर धाम के संत धीरेन्द्र शास्त्री द्वारा 6 से 10 जून तक हनुमंत कथा का आयोजन किया जा रहा है और उक्त घटना भी उसकी कथा स्थल पर घटित हुई जहां पर कार्यक्रम आयोजित होना है। आयोजन समीति द्वारा व्यापक रूप से तैयारियां की जा रही है।

## विष्व पर्यावरण दिवस पर विविध प्रतियोगितायें आयोजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।



बुधवार को विश्व पर्यावरण दिवस पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के समन्वय में स्थानीय सभी हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के कक्षा 09वी से 12वी के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय विद्यार्थी सहभागिता प्रदान कर सकते है। इस आयोजन में निबध लेखन स्थानीय पर्यावरणीय समस्यायें क्या है और उनके समाधान में हमारी क्या भूमिका होगी। विषय पर निबंध लिखना है। यह आयोजन प्रातः 7.30 बजे से रजिस्ट्रेशन प्रारंभ होगा। तत्पश्चात एकांत वन में प्रकृति भ्रमण प्रातः 08 बजे से 08.30 तक होगा। भ्रमण उपरांत द्वितीय चरण में उत्कृष्ट विद्यालय नरसिंहपुर के बालिका छात्रावास ( शास. हाईस्कूल तलापार नरसिंहपुर के पीछे) परिसर में निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता 08.30 से 09.30 बजे सम्पन्न कराई जावेगी कार्यक्रम के तृतीय चरण में 09.30 से 10.30 बजे तक संगोष्ठी, प्रश्नौत्तरी, वृक्षारोपण एवं पुरूस्कार वितरण किया जावेगा। उक्त आयोजन हेतु संस्ध्था प्राचार्य जी.एस.पटैल द्वारा जिले के स्ध्थानीय विद्यालयों शास.हाईस्कूल तलापार , पी.एम.श्री केन्द्रीय विद्यालय नरसिंहपुर, शास. म.ल.ब. कन्ध्या उ.मा.वि. नरसिंहपुर , शासकीय नेहरू उ.मा.वि. नरसिंहपुर, शासकीय सी.एम.राईज नरसिंहपुर एवं शासकीय चंदन देवी हाई स्ध्कूल नरसिंहपुर के 15 छात्र-छात्राओं सहित इको-क्लब प्रभारियों की उपस्थिति हेतु अनुरोध किया गया है।

## मौसम में कुछ बदलाव के बाद भी तपती धूप से नहीं मिल रही राहत

**कोतमा।** रविवार को नौतपा का आखिरी दिन होने के साथ ही नौतपा का समापन हो गया। लेकिन उसके बाद भी सुबह से ही आसमान से जमकर आग बरस रही है। जहां मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस रहा। आसमान से बरसती आग के चलते लोगों को सूर्य देव के प्रचंड तेवरों का सामना करना पड़ रहा है। सुबह से ही भीषण गर्मी लोगों की हालत बिगाड़ रही है। लू के थपेड़े लोगों को झुलसा रहे हैं दिन की शुरूआत के साथ ही सूर्य की तपन से धरती तपने लगती है। नगर की सड़कों में दोपहर में जरुरी काम वाले लोग ही नजर आते हैं, वो भी पसीने से तर-बतर रहते हैं। यही नहीं दुकानों में भी ग्राहक नहीं रहते भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय करते रहते हैं। कूलर पंखा भी काम नहीं कर रहा है। भीषण गर्मी और धूप तेज होने के चलते दोपहर में लोग बाहर निकलने से बचते नजर आ रहे हैं। जो लोग घर से बाहर निकल रहे हैं, वह भी धूप व लू से बचने के लिए सिर व मुंह पर कपड़ा बांध कर निकल रहे। इस भीषण गर्मी एवं तपती धूप में बिजली कर्मचारी कैसे काम करते होंगे। वर्तमान में जहां भीषण गर्मी के कारण बिजली का ओवरलोड बढ़ गया है जिसके कारण प्रतिदिन कहीं खाबो में लगे वायर एवं ट्रांसफार्मर ओवरलोड होने के कारण बिजली के केवल एवं ट्रांसफार्मर में आग लगने की घटना घटित हो रही है। जिसे ठीक करने में दिन-रात बिजली कर्मचारी जनता की सेवा में लगे रहते हैं। पिघलती हुई बिजली की वायर और पूरी दोपहरी में काम करता हुआ बिजली कर्मचारी। सैकड़ो लोगों के निरंतर फोन लाइट कब आएगी, कबकी गई है, कुछ काम नहीं करते फ्री की तनख्वाह ले रहे हो इन सबके बीच 40 डिग्री तापमान में जलभुन कर शिद्दत से काम करता हुआ देश का एक बिजली कर्मचारी जो जानता और समझता है कि वो जितनी जल्दी विद्युत अवरोध को ठीक करेगा जनसामान्य को उतनी जल्दी भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। ये कर्मचारी बिना सुविधा के विद्युत व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।



## हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी पूरक परीक्षा का टाईम टेबिल घोषित

**उमरिया।** माध्यामिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा आयोजित की जाने वाली वर्ष 2024 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की पूरक परीक्षा 8 जून को प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक तथा हायर सेकेण्डरी की केवल एक दिन चार परीक्षा केन्द्रों में तथा हाई की पूरक परीक्षा 10 जून से 20 जून तक प्रात: 8 बजे से 11 बजे तक जिले के तीन परीक्षा परीक्षा केन्द्रों में संपन्न होगी ।

कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने परीक्षा की पवित्रता , गुणवत्ता, विश्वसनीयता बनाये रखने के लिए मण्डल व्दारा निर्धारित चार परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा संचालन व्यवस्था के औचक निरीक्षण किए जाने हेतु निरीक्षण दल उडनदस्ता के लिए अधिकारियो की डियुटी लगाई है । दल प्रमुख परीक्षा तिथियो मे परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण करने हेतु पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगे । निरीक्षण प्रतिवेदन प्रति दिवस 4 बजे केन्द्राध्यक्षों के हस्ताक्षर सहित जिला शिक्षा अधिकारी के कार्यालय को उपलब्ध करायेगे । समस्त अनुविभागीय दंडाधिकारी एवं तहसीलदार अपने क्षेत्र अंतर्गत स्थित परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण करेंगे । संपूर्ण परीक्षा के दौरान समस्त व्यवस्थाओ के प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी होगे इनके व्दारा भी परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जाएगा ।

# कडी सुरक्षा व्यवस्था के बीच संपन्न हुई मतगणना

### मतगणना स्थल पर की गई थी त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 शहडोल संसदीय क्षेत्र 12 अजजा अंतर्गत उमरिया जिले की दो विधानसभा क्षेत्रों क्रमषः 89 बांधवगढ एवं 90 मानपुर की मतगणना 4 जून को शासकीय पालीटेक्निक उमरिया में संपन्न हुई । प्रातः 6 बजे से ही मतगणना कर्मी मतगणना स्थल पर पहुंचने लगे थे । इसके बाद लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं को मतगणना स्थल पर प्रवेष दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन तथा भारत निर्वाचन आयोग व्दारा नियुक्त मतगणना प्रेक्षक महफूज आलम, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू की उपस्थिति में दोनो विधानसभा क्षेत्रों के ए आर ओ क्रमषः 89 बांधवगढ रीता डेहरिया तथा 90 मानपुर कमलेश नीरज व्दारा अभ्यर्थियो के अभिकर्ताओ की उपस्थिति में ईव्हीएम स्ट्रांग रूम की सील खोली गई । मतगणना स्थल पर त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था तैनात की गई थी । मतगणना परिसर में प्रवेष करने के पूर्व हर आने जाने वालों की जांच की जा रही थी । मतगणना कार्य में 108 मतगणना कर्मी जिसमें मतगणना पर्यवेक्षक , मतगणना सहायक तथा माइक्रो आब्जर्वर के साथ ही 256 पुलिस कर्मी तथा 50 अन्य कर्मी विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए तैनात किए गए थे । मतगणना के दौरान मतगणना प्रेक्षक महफूज आलम, जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र कुमार जैन, पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू , सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर षिव गोविंद सिंह मरकाम एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिपाल सिंह महोबिया विभिन्न व्यवस्थाओ पर नजर रखे हुए थे। मतगणना स्थल पर मीडिया कक्ष में मीडिया कर्मियों को इंटरनेट एवं देष के चुनाव परिणामों की जानकारी प्राप्त करने हेतु टीव्ही आदि की व्यवस्था भी की गई थी।